Bharat Temples

खाटू वाले तेरे रहते,
झर झर बरसे नैना,
झर झर बरसे नैना,
इतना बता दे ये दुःख मुझको,
इतना बता दे ये दुःख मुझको,
कब तक और है सहना,
झर झर बरसे नैना।।

तर्ज मेरे नैना सावन भादो।

तुझको निहारूं मैं,
तुझको पुकारूं मैं,
तुझको निहारूं मैं,
सुनता नही क्यों,
बात मेरी तू,
इतना क्यों तड़पाये,
क्यों ना हाथ बढाए,
या तो कह दे छोड़ दूँ तुमसे,
या तो कह दे छोड़ दूँ तुमसे,
अब मैं कुछ भी कहना,
झर झर बरसे नैना।।

तुमसे ही आस बंधी,
सुख की प्यास जगी,
तुमसे ही आस बंधी,

किस दर जाऊं,
किसको रिझाऊ,
दिल तेरा क्यों ना पसीजे,
बैठा है अँखियाँ मिचे,
भवसागर के तूफानों में,
भवसागर के तूफानों में,
कब तक और है बहना,
झर झर बरसे नैना।।

हारे का सहारा है,
सबको उबारा है,
हारे का सहारा है,
सुन ओ कन्हैया,
मेरी भी नैया,
क्यों ना पार लगाए,
दास ये डूब ना जाए,
मैं भी हूँ हारा दे दे सहारा,
मैं भी हूँ हारा दे दे सहारा,
तुझ बिन अब नहीं रहना,
झर झर बरसे नैना।।

मैं भी हूँ दास तेरा,
तू विश्वास मेरा,
मैं भी हूँ दास तेरा,
सर पर मेरे,
हाथ जो फेरे,
सुधरे मेरी उमरिया,
सुन ले ओ सांवरिया,

चोखानी के तुझ बिन बाबा,
चोखानी के तुझ बिन बाबा,
कटते नहीं दिन रैना,
झर झर बरसे नैना।।

खाटू वाले तेरे रहते,
झर झर बरसे नैना,
झर झर बरसे नैना,
इतना बता दे ये दुःख मुझको,
इतना बता दे ये दुःख मुझको,
कब तक और है सहना,
झर झर बरसे नैना।।

स्वर राजेश लोहिया जी।
लिरिक्स प्रमोद चोखानी जी।

Source:
https://www.bharattemples.com/khatu-wale-tere-rahte-jhar-jhar-barse-naina/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/

Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw